# श्री केदारनाथधाम के कपाट खुले, हेलिकॉप्टर से बरसाए गए फूल

**बाबा केदारनाथ**

**▶▶ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग बाबा केदारनाथ के कपाट विधि-विधान के साथ आज सुबह छह माह के लिए खोल दिए गए।**

**श्री केदारनाथधाम/टीम एक्शन इंडिया**
हिमालय में बिराजे विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग बाबा केदारनाथ के कपाट विधि-विधान के साथ आज सुबह छह माह के लिए खोल दिए गए। इस दौरान हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। सेना की ग्रेनेडियर रेजीमेंट के बैंड की सुमधुर धुनों से केदारधाम परिसर गूंज उठा। इसी के साथ चारधाम यात्रा प्रारंभ हो गई। इस अवसर के 10 हजार से अधिक श्रद्धालु साक्षी बने। पुण्य अवसर पर मौसम साफ रहा। मंदिर को लगभग 20 क्विंटल फूलों से सजाया गया। मुख्य सेवक भंडारा कार्यक्रम समिति ने सभी के भंडारा आयोजित किए हैं।



प्रातः चार बजे श्री केदारनाथधाम परिसर में कतारबद्ध चारधाम यात्रियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ।कुछ समय बाद बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, रावल भीमाशंकर लिंग, मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह, पुजारी, धमार्चार्य, वेदपाठी, केदार सभा के पदाधिकारी और जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार पूरब द्वार से मंदिर पहुंचे। फिर पूजा शुरू हुई। इसके बाद भगवान भैरवनाथ और भगवान शिव के आह्वान के साथ ठीक सुबह सात बजे श्रीकेदारनाथ मंदिर के कपाट खोल दिए गए।कपाट खुलने के बाद भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि रूप से श्रृंगार रूप दिया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने दर्शन शुरू किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कपाट खुलने के अवसर पर मौजूद रहे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि इस बार चारधाम यात्रा कीर्तिमान बनाएगी। प्रदेश सरकार तीर्थयात्रियों की सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने सभी को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इस बार रिकार्ड तीर्थ यात्री श्रीकेदारनाथ धाम पहुंचेंगे। कार्यक्रम के अनुसार छह मई को श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में भगवान भैरवनाथ की पूजा हुई थी। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी भोगमूर्ति नौ मई को श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से विभिन्न पड़ावों से होते हुए केदारनाथ धाम पहुंची थी।बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया गया कि 11 मई को श्री केदारनाथ धाम में भकुंट भैरव मंदिर के द्वार खुलने के साथ केदारनाथ मंदिर में नित्य प्रति आरतियां एवं संध्याकालीन आरतियां शुरू हो जाएंगी। मान्यता है कि बाबा केदारनाथ छह महीने समाधि में रहते हैं। मंदिर के कपाट बंद होने के अंतिम दिन चढ़ावे के बाद सवा क्विंटल भभूति चढ़ाई जाती है। कपाट खुलने के साथ ही बाबा केदारनाथ समाधि से जागते हैं। इसके बाद भक्त दर्शन करते हैं। यमुनोत्री के कपाट 10:29 बजे और गंगोत्री के कपाट आज दोपहर बाद 12 बजकर 20 मिनट पर खुलेंगे। बदरीनाथ के कपाट 12 मई को सुबह छह बजे खुलेंगे।आज यहां कपाट खुलने के समय हक-हकूकधारी सहित केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, पुजारी शिवशंकर लिंग, संस्कृति एवं कला परिषद के उपाध्यक्ष मधु भट्ट मंदिर समिति सदस्य श्रीनिवास पोस्ती,वीरेंद्र असवाल, , मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह, कार्याधिकारी आरसी तिवारी, धमार्चार्य औंकार शुक्ला, वेदपाठी यशोधर मैठाणी, प्रदीप सेमवाल, अरविंद शुक्ला, कुलदीप धर्म्वाण, देवानंद गैरोला आदि मौजूद रहे।

## केदारनाथधाम के कपाट खुले, मुख्यमंत्री धामी ने सपत्नीक किए दर्शन

**रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड)/टीम एक्शन इंडिया**
प्रमुख 12 ज्योतिलिंगों में से एक हिमालय में बिराजे श्री केदारनाथधाम के कपाट आज सुबह पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुल गए।
मंदिर के कपाट खुलने के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी पत्नी गीता धामी बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए मौजूद रहे। इससे पहले आज सुबह मुख्यमंत्री ने इस संबंध में एक्स हैंडल पर लिखा- ''जय बाबा केदार! आप सभी भक्तजनों का चारधाम यात्रा 2024 में हार्दिक स्वागत और अभिनंदन। आप सभी से अनुरोध है कि यात्रा के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी का जयघोष-जय बाबा केदार, चारधाम यात्रियों का अभिनंदन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध पवित्र चारधाम यात्रा का आगाज होने ही वाला है।
आज चारधाम में से तीन के कपाट विधि-विधान से खुलने हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस पवित्र यात्रा के शुरू होने से कुछ समय पहले आज सुबह एक्स हैंडल पर बाबा केदार का जयघोष किया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में इस पावन अवसर पर दो फोटो भी साझा किए हैं।




मुख्यमंत्री धामी ने लिखा है, ''जय बाबा केदार! आप सभी भक्तजनों का चारधाम यात्रा 2024 में हार्दिक स्वागत और अभिनंदन। आप सभी से अनुरोध है कि यात्रा के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने से बचें। हमारी सरकार द्वारा चारधाम आने वाले बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।''
उन्होंने लिखा है, ''आज अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्री केदारनाथधाम, श्री यमुनोत्रीधाम एवं श्री गंगोत्रीधाम के कपाट पूर्ण विधि-विधान के साथ दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। आप समस्त श्रद्धालुओं का चारधाम यात्रा हेतु हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन !''
एक अन्य एक्स पोस्ट में कल शाम उन्होंने कहा, ''केदारपुरी है तैयार, जय श्री केदार !''

## श्रद्धालुओं के लिए खुले यमुनोत्री धाम के कपाट

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
विश्वप्रसिद्ध श्री यमुनोत्री धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आज अक्षय तृतीया पर पूर्वाह्न 10:29 बजे रोहिणी नक्षत्र में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। मां यमुना की डोली शनि महाराज की डोली के साथ यमुनोत्री धाम पहुंची, जहां यमुना पूजन के बाद रोहिणी नक्षत्र में 10:29 पर विधि-विधान के साथ मां यमुना के कपाट खोल दिए गए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी, थानाध्यक्ष बड़कोट, यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश उनियाल, पुरुषोत्तम उनियाल और आशीष उनियाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## तृतीय केदार तुंगनाथ के खुले कपाट

**श्री तुंगनाथ**

**▶▶कपाट खुलते समय ढाई हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। तुंगनाथ में इस दौरान मौसम सर्द रहा।**

**रुद्रप्रयाग/तुंगनाथ/टीम एक्शन इंडिया**
मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पंचकेदारों में प्रतिष्ठित तृतीय केदार श्री तुंगनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुल गये हैं। इस अवसर पर तुंगनाथ मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया। कपाट खुलते समय ढाई हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। तुंगनाथ में इस दौरान मौसम सर्द रहा।



तुंगनाथ की उत्सव डोली 7 मई को श्री मकेर्टेश्वर मंदिर से भूतनाथ मंदिर प्रवास के लिए आ गयी थी। 09 मई को चोपता प्रवास के बाद 10 मई को प्रातः चोपता से तुंगनाथ मंदिर परिसर पहुंची। द्वार पूजा के पश्चात विधि-विधान से आज दिन 12 बजे तुंगनाथ मंदिर के कपाट दर्शनार्थियों के लिए खुल गये। कपाट खुलने के पश्चात भगवान तुंगनाथ के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि रूप से जगाकर श्रृंगार रूप दिया गया, उसके बाद श्रद्धालुओं ने दर्शन किये।

## केदारनाथ धाम के खुले कपाट, हेलिकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा, पीएम मोदी के नाम से हुई पहली पूजा




**पूजा-अर्चना**

**▶▶ मुख्यमंत्री धामी ने देवाधिदेव महादेव की सम्पूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जय केदार उदार शंकर, मन भयंकर दुख हरम्। गौरी गणपति स्कंद नंदी, श्रीकेदार नमाम्यहम्। श्रीकेदारनाथ धाम के कपाट शनिवार को सुबह सात बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस अवसर पर केदारनाथ मंदिर को 20 कुंतल फूलों से सजाया गया। हजारों श्रद्धालु इसके साक्षी बने। इस दौरान श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई।
कपाट खुलने के बाद धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से की गई। कपाट खुलते ही धाम महादेव के जयकारों से गूंज उठा। गर्भगृह में भगवान केदारनाथ की विशेष पूजा-अर्चना के बाद ग्रीष्मकाल के लिए केदारनाथ के दर्शन शुरू हो गए। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद अब 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट भी तीर्थयात्रियों के लिए खोल दिए जाएंगे।

**मुख्यमंत्री धामी ने की राष्ट्र उन्नति की कामना**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवाधिदेव महादेव की सम्पूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं राष्ट्र की उन्नति की कामना की। साथ ही केदारनाथ धाम परिसर में आयोजित लोक नृत्य का आनंद उठाया। श्रीकेदारपुरी में विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं से संवाद कर उनके यात्रा अनुभव की जानकारी ली।

## हाथ में आया क्यूआर कोड वाला बैंड तो उतरी सारी थकान, चारधाम यात्रियों ने जताई खुशी

**चारधाम यात्रा**

**▶▶जिला पर्यटन कार्यालय में बने रजिस्ट्रेशन काउंटर पर घंटों लाइन में लगे चारधाम यात्री रजिस्ट्रेशन होने के बाद खुश नजर आए।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
चारधाम यात्रा पर जाने वाले यात्री रजिस्ट्रेशन होने के बाद बेहद उत्साहित दिख रहे हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए घंटों लाइन में लगे श्रद्धालुओं ने भूख प्यास की भी परवाह नहीं की और आखिर में क्यूआर कोड वाले बैंड मिलने के बाद सभी यात्री बेहद खुश नजर आए।
गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक जिला पर्यटन कार्यालय में बने ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर पर घंटों लाइन में लगे चारधाम यात्री रजिस्ट्रेशन होने के बाद बेहद खुश नजर आए। यात्रियों ने लाइन में लगने से लेकर क्यूआर कोड वाले बैंड मिलने तक के सफर को साझा किया। कई यात्रियों ने रातभर जागकर रजिस्ट्रेशन करवाया।



झांसी से आए अंश ने बताया कि वह अपने मित्र के साथ केदारनाथ यात्रा पर जा रहा है।
वह रात में ही हरिद्वार पहुंचे और बिना सोए रात भर काउंटर के बाहर बैठकर अपनी बारी का इन्तजार करते रहे। रजिस्ट्रेशन होने और बैंड मिलने के बाद वह चारधाम यात्रा पर जाने के लिए बेहद उत्साहित हैं।
गोरखपुर से आये तीन दोस्त अमित वर्मा, दीपक गुप्ता और शत्रुघ्न वर्मा ने भी हरिद्वार आकर घंटों रजिस्ट्रेशन की लाइन में लगने से लेकर रजिस्ट्रेशन होने और बैंड मिलने तक का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि वह तीन बजे से लाइन में लगे थे। घंटों लाइन में लगने से थकान भी हुई, लेकिन जैसे ही रजिस्ट्रेशन के बाद हमें क्यूआर कोड वाला बैंड मिला, हमारी सारी थकान दूर हो गयी।
दिल्ली से आये दीपू ने बताया कि वह चार बजे से लाइन में खड़ा था सुबह दस बजे नम्बर आया। इस दौरान भूख, प्यास भी लगी, लेकिन लाइन नहीं छोड़ी। अब हाथ में क्यूआर कोड वाला बैंड आया तो भूख, प्यास सब खत्म हो गयी है।

## अक्षय तृतीया पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई पुण्य की डुबकी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अक्षय तृतीया का पर्व शुक्रवार को तीर्थनगरी हरिद्वार में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। कई स्थानों पर चिरंजीवी भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की गई। देश के कई प्रांतों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में डूबकी लगाकर अक्षय पुण्य की प्राप्ति की। स्नान के पश्चात लोगों ने दान आदि कर्म किए। तीर्थनगरी के आश्रम-अखाड़ों में भी अक्षय तृतीया पर्व पर कई प्रकार के धार्मिक आयोजन हुए।
अक्षय तृतीय पर्व भगवान परशुराम, नर-नारायण और हयग्रीव के अवतरों का दिन है। मान्यता है कि वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन ही सतयुग और त्रेता युग का प्रारम्भ हुआ था।



इस दिन को अबूझ मुहूर्त तिथि व सिद्धियां प्राप्ति का दिन माना जाता है। इस दिन को पूर्ण तिथि पर्व भी कहा जाता है। इसी कारण से आज श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी ब्रह्मकुण्ड समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर अक्षय पुण्य की डुबकी लगाई। लोगों ने स्नान के पश्चात मंदिरों में देव दर्शन किए और दान-पुण्य आदि कर्म किए।
पं. देवेन्द्र शुक्ल शास्त्री के मुताबिक शास्त्रों ने अक्षय तृतीया के दिन स्वर्ण, रजत और लौह वस्तु की खरीद को निषेध बताया है। इस दिन स्वर्ण दान का विशेष महत्व बताया गया है। यह केवल दान और पुण्य का दिन है। इस दिन किये पाप व पुण्य जन्म जन्मांतरों तक नष्ट नहीं होते।
तीर्थनगरी के आश्रम-अखाड़ों में भी अक्षय तृतीया का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। अलग-अलग स्थानों से आए श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ के साथ दान आदि कर्म कर सुख-समृद्धि की कामना की।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुले



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ विश्वप्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट शुक्रवार को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिये गये। इससे पहले शुक्रवार प्रातः आर्मी बैंड के धुन और हजारों श्रद्धालु की मां गंगा की जयकारों के साथ भैरोंघाटी से मां गंगा की उत्सव डोली गंगोत्री धाम पहुंची।
गंगोत्री धाम में गंगा पूजन, गंगा सहस्त्रनाम के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद 12:25 बजे अक्षय तृतीया के अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ तीर्थ पुरोहितों द्वारा मां गंगाजी की भोगमूर्ति को मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कराने के उपरांत गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गये। इस दौरान सुबह से इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर गंगोत्री मंदिर में अखंड ज्योति के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया।
कपाट खुलने के मौके पर हजारों श्रद्धालु के अलावा जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी, पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष हरि सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल, महेश सेमवाल रवीन्द्र सेमवाल, गंगोत्री मंदिर समिति, अशोक सेमवाल, राजेश सेमवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष राणा, सत्ये सिंह राणा समेत श्री पांच मंदिर समिति के पदाधिकारी व श्रद्धालु मौजूद थे।

## बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुलेंगे, तैयारियां तेज

**पूजा-अर्चना**

**▶▶श्री नरसिंह मंदिर जोशीमठ में स्थित माता लक्ष्मी के मंदिर के प्रांगण में पूजा-अर्चना शुरू हुई**

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को प्रातः छह बजे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुलेंगे। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति द्वारा कपाट खुलने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कपाट खुलने की तैयारियों की प्रक्रिया के तहत गुरुवार को जोशीमठ में प्राचीन गरुड़ छाड़ मेला संपन्न हुआ।



शुक्रवार को श्री नरसिंह मंदिर जोशीमठ में स्थित माता लक्ष्मी के मंदिर के प्रांगण में पूजा-अर्चना शुरू हुई। धर्माधिकारी आचार्य राधाकृष्ण थपलियाल के मार्गदर्शन में विधि विधान से पूजा अर्चना के पश्चात भगवान नरसिंह, नव दुर्गा, वासुदेव मंदिर, राज राजेश्वरी और शंकराचार्य की पवित्र गद्दी के दर्शन पूजन के उपरांत मुख्य पुजारी श्री रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी पवित्र गद्दी के साथ प्रथम पड़ाव योग बदरी मंदिर पांडुकेश्वर के लिए प्रस्थान हुए।
इस अवसर पर बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मंदिर समिति सदस्य आशुतोष डिमरी, भाष्कर डिमरी सहित धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विजेंद्र बिष्ट, विवेक थपलियाल, श्री नृसिंह मंदिर प्रभारी संदीप कपरूवाण, देवपुजाई समिति के अध्यक्ष भगवती प्रसाद नम्बूरी, महिला मंगल दल अध्यक्ष अरुणा नेगी, आशीष ब्रह्मचारी, बीकेटीसी के पूर्व सदस्य हरीश डिमरी, सुभाष डिमरी, जिला शासकीय अधिवक्ता प्रकाश भंडारी, मठ भंडारी विनोद नम्बूरी, सरजीत राणा सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ज्वेलरी दुकान से जेवर चुराकर भागी महिला गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
दिनदहाड़े ज्वैलरी की दुकान में घुसकर जेवरात चोरी कर भागी एक महिला को बहादराबाद पुलिस दिल्ली से गिरफ्तार किया है।
बीते दिनों बहादराबाद स्थित ओम वर्मा ज्वैलर्स की दुकान में ग्राहक बनकर आई महिला ने जेवर देखने के बहाने कुछ जेवरात पर हाथ साफ कर दिया था। दुकान में हुई चोरी का खुलासा वहां लगे सीसीटीवी कैमरे से हुआ। इसके बाद दुकानदार की ओर से बहादराबाद थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया गया था।
घटना के खुलासे में लगी पुलिस ने आरोपित महिला की शिनाख्त करते हुए उस तक पहुंच बनाई।

